**Construction of 01 (One) Unit Panchayat Sarkar Bhawan in Sirauli First Panchayat at Riga Block in Distt. Sitamarhi for the year 2025-26, Tender ID-123708 कार्य से संबंधित निविदा के तकनीकी बीड निष्पादन हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक–15.05.2026 को आहूत बैठक की कार्यवाही:-**

---

उपस्थितिः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | ई० रामाज्ञा कुमार,<br>मुख्य अभियंता(उत्तर),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | – | अध्यक्ष |
| (ii) | श्री रविकान्त<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, मुजफ्फरपुर। | – | सदस्य |
| (iii) | श्री रवि प्रकाश,<br>कार्यपालक अभियंता,<br>भवन प्रमंडल सीतामढ़ी। | – | सदस्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – | Construction of 01 (One) Unit Panchayat Sarkar Bhawan in Sirauli First Panchayat at Riga Block in Distt. Sitamarhi for the year 2025-26, Tender ID-123708 |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | – | ₹3.05 करोड़ (01 अद्द के लिए 3.05 करोड़ की दर से) (पंचायती राज्य विभाग का ज्ञापांक-1291 दिनांक- 08.02.2024) |
| 3. | तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि (विद्युत कार्य सहित) | – | ₹2,98,15,042/- |
| 4. | योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | – | ₹ 2,92,52,701/- |
| 5. | निविदा आमंत्रित की तिथि | – | 16.01.2026 |
| 6. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि | – | 21.02.2026 |
| 7. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि | – | 21.02.2026 |
| 8. | प्री-बीड की बैठक की तिथि एवं समय | – | दिनांक-06.02.2026 को 3:00 बजे मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक-05.02.2026 को 3:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, मुजफ्फरपुर के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | कार्य समाप्ति की अवधि | – | 09(नौ) माह |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | – | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | दैनिक समाचार पत्र। |
| 12. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | 022326(भवन)2025-26 |

13. निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता –
- (i) Vandna Singh, Raghunathpuri, Sitamarhi
- (ii) Nitu Kumari Singh, Chamanpur, Dist - Sheohar
- (iii) Arun Kumar Singh, Dighi Kala Adalpur Hajipur, Veshali
- (iv) Shree Ram Construction, Ramgadh Bazar, Kaimur
- (v) Marvelxx Constech Private Limited, Kathara Muhalla, Maner, Danapur, Patna

14. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षा :–

प्रथम बार आमंत्रित निविदाः– विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित निविदा में किसी भी निविदाकार द्वारा भाग नहीं लिये जाने के कारण आमंत्रित निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

द्वितीय बार आमंत्रित निविदाः– विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में दो निविदाकार द्वारा भाग लिया गया। जिसमें कोई भी निविदाकार के सफल नहीं होने के कारण आमंत्रित निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

तृतीय बार आमंत्रित निविदाः– विषयांकित कार्य हेतु तृतीय बार आमंत्रित निविदा में e-proc2 पर BOQ अपलोड न्यूनतम अवधि 03 सप्ताह (21 दिन) से कम रहा जिसके कारण आमंत्रित निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

चतुर्थ बार आमंत्रित निविदाः– विषयांकित कार्य हेतु चतुर्थ बार आमंत्रित निविदा की वैधता (120 दिन) समाप्त हो चुकी है एवं निविदाकार द्वारा निविदा की वैधता बढ़ाने पर असहमति प्रदान किया गया है। जिसके कारण आमंत्रित निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

पंचम् बार आमंत्रित निविदा (वर्त्तमान में):–विषयांकित कार्य हेतु पंचम् बार प्राप्त निविदा में उपरोक्त पाँच निविदाकार द्वारा भाग लिया गया। उक्त सभी निविदाकारों का तकनीकी बीड अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, मुजफ्फरपुर का ज्ञापांक–403 अनु0 दिनांक–27.02.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा उक्त सभी निविदाकारों तकनीकी बीड के अभिलेख का मूल्यांकन इस शर्त के साथ किये जाने का निर्णय लिया गया कि निविदाकारों द्वारा समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र की जाँच हेतु भेजे गये अभिलेख में यदि अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी/जाली पाये जाने संबंधित जाँच प्रतिवेदन प्राप्त होती है तो उक्त निविदाकार के विरुद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के तहत कार्रवाई की जायेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड के अभिलेखों के मूल्यांकनोंपरांत पाया गया किः–

(i) प्रथम निविदाकार "Vandna Singh, Raghunathpuri, Sitamarhi" हैं। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा SBD की कंडिका–4.7 के तहत मांगी गयी Bidding capacity ₹2,92,52,701/– के विरूद्ध ₹2,51,25,876/– मात्र है। साथ ही एस0बी0डी0 की कंडिका–12.1 (iv) के अन्तर्गत मांगी गयी वांछित कागजात एवं Litigation history से संबंधित कागजात संलग्न नही है। अतः इन्हें एस0बी0डी0 की उक्त कंडिकाओं में "नॉन–रिस्पॉन्सिव" पाया गया एवं तकनीकी बीड में "असफल" घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(ii) द्वितीय निविदाकार "Nitu Kumari Singh, Chamanpur, Dist- Sheohar" है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में "रिस्पॉन्सिव" पाया गया एवं तकनीकी बीड में "सफल" घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(iii) तृतीय निविदाकार "Arun Kumar Singh, Dighi Kala Adalpur Hajipur, Veshali " है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत पाया गया कि निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के अन्तर्गत विद्युतीकरण कार्य हेतु Sublet किये गये ऐजेंसी का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है। अतः इन्हें एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) में "नॉन-रिस्पॉन्सिव" पाया गया एवं तकनीकी बीड में "असफल" घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(iv) चतुर्थ निविदाकार "Shree Ram Construction, Ramgadh Bazar, Kaimur " है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में "रिस्पॉन्सिव" पाया गया एवं तकनीकी बीड में "सफल" घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(v) पंचम् निविदाकार "Marvelxx Constech Private Limited, Kathara Muhalla,Maner, Danapur,Patna" है। इनके द्वारा EMD में Proccessing fee WIP (Waiting in Process) होने के कारण निविदा का तकनीकी बीड मूल्यांकन नही किया गया। अतः तकनीकी बीड में "असफल" घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

15. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णयः-</u>

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से इस निविदा में भाग लिये **पाँच निविदाकारों में से दो निविदाकार** (i) "Nitu Kumari Singh, Chamanpur, Dist- Sheohar" एवं (ii) "Shree Ram Construction, Ramgadh Bazar, Kaimur " **को तकनीकी बीड में 'सफल' एवं अन्य तीन निविदाकार** (i) "Vandna Singh, Raghunathpuri, Sitamarhi", (ii) "Arun Kumar Singh, Dighi Kala Adalpur Hajipur, Veshali" एवं (iii) "Marvelxx Constech Private Limited, Kathara Muhalla,Maner, Danapur,Patna" को **असफल** घोषित करने का निर्णय लिया जाता है। उक्त **सफल निविदाकारों** का वित्तीय बीड खोलने के पूर्व इसे विभागीय वेबसाईट पर रखी जाय एवं दिनांक-21.05.2026 के पूर्वाह्न-11:00 बजे तक इस निविदा से संबंधित किसी प्रकार की परिवाद/आपत्ति प्राप्त होती है, तो वित्तीय बीड खोलने के पूर्व मामले को पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाय। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति नहीं प्राप्त होने की स्थिति में तकनीकी बीड में **सफल दोनों निविदाकारों** का वित्तीय बीड खोलने एवं निविदा निष्पादन हेतु मुख्य अभियंता (उत्तर) अग्रेत्तर कार्रवाई करेंगे।

16. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर डाली जाय।

15/05/26 15/05/2026

| | | |
|---|---|---|
| (रवि प्रकाश)<br>कार्यपालक अभियंता,<br>भवन प्रमंडल, सीतामढ़ी। | (रविकान्त)<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, मुजफ्फरपुर। | (रामाज्ञा कुमार)<br>मुख्य अभियंता(उ0)<br>भ0नि0वि0, पटना। |

**मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

ज्ञापांक-भ0उ0वि0/यो0(मुज0)-85/2024 अंश-1-2632 पटना, दिनांकः- 15/5/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

15.5.26
मुख्य अभियंता (उत्तर)।